रक्षा बंधन त्यौहार के निमित्त ब्रह्माकुमारीज घाटकोपर सबज़ोन मुंबई द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इन प्रोग्राम के दरिमयान सभी उपस्थित भाई बहनों को ब्रह्माकुमारीज़ की सेवाओं से परिचित किया गया, विशेष सभी को रक्षा बंधन त्योहार के गुह्य रहस्य को समझाकर रक्षा का सूत्र बांधा गया गुण धारण करने तथा अवगुण छोड़ने के लिए उन्हें शुभ संकल्प दिया गया, ऐसे कार्यक्रम रखने का उद्देश यहीं था की इस महापर्व को मूल्यनिष्ठ बनाकर इसे एक नया दृष्टिकोण देकर आज की पीढ़ी समाज में चल रही नकारात्मक बातों से अपनी व औरों की रक्षा करना सीखे।  घाटकोपर स्थानिक स्कुल, कॉलेज, पुलिस स्टेशन, बैंक्स, योगा क्लास, पोस्ट ऑफिस और जानी मानी कम्पनीज में प्रोग्राम रखे गए। ऐसे कुल 40 स्थानों पर हजारों आत्माओं को राखी का सन्देश दिया गया।